AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में शामिल हुए चार जनपदों के कॉलेज

कार्यपरिषद की बैठक में मंजूरी, शिक्षकों को मिली प्रोन्नति

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से अब हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर और गोपामऊ के कॉलेज आधिकारिक रूप से सहयुक्त हो गए हैं। विवि में बुधवार को हुई कार्य परिषद की बैठक में इन जनपदों के कॉलेजों को लविवि का हिस्सा स्वीकार कर लिया गया। शासन ने इससे संबंधित आदेश पहले ही जारी कर दिया है। कार्य परिषद में इसके साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज समेत कई कॉलेजों की मान्यता स्थायी करने, विभिन्न शिक्षकों के प्रमोशन संबंधी लिफाफे खोलने, लविवि की ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी देने समेत कई अहम मुद्दे रखे गए।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में सदस्यों को चार जनपद के कॉलेज जुड़ने की सूचना दी गई। अब इन कॉलेजों के सभी काम लविवि से ही होंगे। इसके साथ ही स्थापना के 17 साल बाद अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज को स्थायी मान्यता दी गई। अभी तक कॉलेज में नियमित प्राचार्य नहीं था इसलिए इसे स्थायी मान्यता नहीं दी गई थी। प्राचार्य के रूप में डॉ. एससी पांडेय का चयन होने के बाद इसे स्थायी मान्यता मिल गई। बैठक में लविवि की ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया को भी मंजूरी दी गई। वहीं कार्य परिषद ने नवयुग कन्या महाविद्यालय के ऊपर लगाया गया एक लाख रुपये के अर्थदंड को कायम रखने से मना कर दिया। यह अर्थदंड निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम स्थायी न करने पर लगाया गया है।

चुनौती मूल्यांकन की भी मंजूरी

कार्य परिषद ने चुनौती मूल्यांकन को मंजूरी दे दी। अब विद्यार्थी अपने अंक से असंतुष्ट होने पर चुनौती मूल्यांकन करा सकेंगे। इसके तहत 20 फीसदी से ज्यादा अंतर होने पर विश्वविद्यालय के अंक बढ़ाने के साथ ही शिक्षक पर कार्रवाई भी की जाएगी।

53 शिक्षकों का प्रमोशन

लविवि में बुधवार का दिन शिक्षकों के लिए काफी अच्छी खबर वाला रहा। एक तरफ जहां शिक्षकों को शोध से संबंधित पुरस्कार दिए गये तो वहीं दूसरी ओर एक साथ 53 शिक्षकों के प्रमोशन संबंधी लिफाफे खोले गए। इनमें से कई शिक्षक तो ऐसे थे जिनका प्रमोशन 10 साल से ज्यादा अवधि से अटका हुआ था।

कॉलेजों को पाठ्यक्रम के अनुसार मिली मान्यता

कालेज	पाठ्यक्रम	मान्यता
श्री गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज	बीकाम ऑनर्स	स्थायी
स्वतंत्र गर्ल्स डिग्री कॉलेज	बीएड	स्थायी
इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज	एमकॉम	स्थायी
सीडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज	एमए समाजशास्त्र, एमकॉम, बीए	स्थायी
आर्यकुल कालेज ऑफ एजुकेशन	एमकॉम	अस्थायी
नवदेवस्वर डिग्री कॉलेज	बीए	अस्थायी
पं दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज	एमए अंग्रेजी	स्थायी
मुमताज पीजी कॉलेज	बीएससी	स्थायी
चरक इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन	बीएससी	स्थायी
सिटी कॉमेस कॉलेज	बीएड	स्थायी
अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज	बीकॉम	स्थायी

3 सेल और नए परिसर के निदेशक को मंजूरी

कार्य परिषद की बैठक में रिसर्च सेल, रिक्रूटमेंट एंड प्लेसमेंट सेल, एकेडमिक सेल तथा नए परिसर के निदेशक पद को भी मंजूरी दी गई।

लॉकडाउन के दौरान बनाई योजना, अब देंगे मूर्तरूप

लखनऊ। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बुधवार को अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर लिया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की बेहतरी तथा पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के लिए कई योजनाओं पर काम किया है। अब इनको मूर्त रूप देने की बारी है।

प्रो. राय ने बताया कि पिछले एक साल में कोरोना के चलते स्टेट जैसी तमाम योजना पर कार्य शुरू किया गया। अब यह योजनाएं मूर्त रूप ले सकें यह हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही पढ़ाई को और अधिक प्रभावी बनाने, फ्रंटडी कंटेंट में और अधिक सुधार करने जैसे बिंदु प्राथमिकता में हैं। पिछले एक साल की चुनौतियों के बारे में कुलपति का कहना था कि लॉ पेपर लीक कांड, एलयू के खाते से करीब 1.5 करोड़ रुपये निकल जाना और फर्जी मार्कसीटि का मामला बड़ा था। इन सबका समाधान हो चुका है। इस दौरान शिक्षकों के प्रमोशन और विद्यार्थियों की समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया। सामान्य क्लास शुरू होने पर विद्यार्थियों की समस्याओं पर और भी ध्यान दिया जाएगा। स्टूडेंट्स ओपोडी जैसी योजनाएं विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक साबित होंगी।

HINDUSTAN PAGE 8

कला और विधि पर भारी पड़ा विज्ञान संकाय, 75% शिक्षक और शोधार्थी विज्ञान के

शिक्षक और शोधार्थी सम्मानित

एलयू

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में शोध के मामले में विज्ञान संकाय काफी आगे है। इस संकाय के शिक्षकों के शोधकार्यों को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को अनुसंधान संवर्धन योजनाओं के तहत किए गए सम्मान समारोह में यह तस्वीर उभर कर सामने आई।

बता दें कि एक्लेम, प्रोत्साहन और उद्दीपन योजना के तहत यह सम्मान दिया गया। इसमें सम्मान पाने वालों में 75 प्रतिशत शिक्षक और शोधार्थी विज्ञान संकाय के रहे।

मालवीय सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने यह सम्मान दिया। वर्ष 2017-18 के लिए 18 शिक्षक और 40 शोधार्थी, वर्ष 2018-19 के लिए 14 शिक्षक और 29 शोधार्थी और वर्ष 2019-20 के लिए 20 शिक्षक और 39 शोधार्थियों को यह पुरस्कार दिए गए।

उद्दीपन योजना के तहत विज्ञान संकाय के 32 शिक्षकों का सम्मान हुआ। एक्लेम योजना के तहत 11 विज्ञान संकाय के शिक्षक और 4 कला संकाय के शिक्षकों का सम्मान हुआ। प्रोत्साहन योजना के तहत 7 विज्ञान संकाय के और एक कला संकाय के शिक्षक को सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार शोधार्थियों की श्रेणी में उद्दीपन योजना के तहत कुल 85 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। ये सभी विज्ञान संकाय के अलग अलग विभागों के हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने शिक्षकों और शोधार्थियों को सम्मानित किया।

प्रो. पुनीत को विशेष पुरस्कार दिया गया

भौतिकी विभाग के प्रो. पुनीत कुमार को तीनों योजनाओं में उत्कृष्ट काम के लिए खास पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले शिक्षकों में डॉ. पवन, डॉ. एके सत्यपाथी, प्रो. आरपी सिंह, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. एम सिराजुद्दीन, डॉ. एस मलिक, प्रो. पूनम टंडन, डॉ. आरके तिवारी, प्रो. मोनिशा, प्रो. ओंकार, प्रो. राजीव मनोहर, डॉ. सीआर गौतम, डॉ. अमित, डॉ. राजेश, डॉ. अजय प्रकाश, डॉ. शाम्भवी, डॉ. गीतांजलि, डॉ. सुचित, डॉ. मधु, डॉ. मोहम्मद हजराइल, प्रो. आरके शुक्ला, डॉ. ज्योत्सना, प्रो. ध्रुव सेन, डॉ. मिगल गर्ग, डॉ. संगीता, प्रो. एसपी त्रिवेदी, प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. अनार सिंह, अतुल समेत अन्य शामिल हैं।

JAGRAN CITY PAGE I

सम्मान | ऐसे रिसर्च स्कॉलरों को सम्मानित किया गया, जिनका प्रत्येक वर्ष उत्कृष्ट प्रकाशनों का रहा है रिकॉर्ड

लविवि में रिसर्च स्कॉलरों व अध्यापकों को पुरस्कार

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लविवि के रिसर्च स्कॉलर और अध्यापक बुधवार को लविवि के मालवीय सभागार में सम्मानित किए गए। इसमें ऐसे रिसर्च स्कॉलर हैं, जिनका प्रत्येक वर्ष उत्कृष्ट प्रकाशनों का रिकॉर्ड है। आयोजों को 1100 रुपये का नकद पुरस्कार और शोधार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। ये पुरस्कार लगातार तीन वर्षों के लिए दिए गए।

विवि के मालवीय सभागार में बुधवार को सम्मान समारोह किया गया। भौतिकी विभाग के प्रो. पुनीत कुमार को उत्कृष्ट काम के लिए रिसर्च सेल कर तरफ से पुरस्कृत किया गया। रिसर्च सेल की डीन प्रो. मोनिशा बनर्जी ने सभी का स्वागत किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि मन में भक्ति भाव लेकर अपने कर्म की तरफ बढ़ते रहना ही जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए।

इन्हें मिली शाबाश: डॉ. पवन कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक कुमार सतपथी, प्रो. रवीन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. दिनेश कुमार सिंह, प्रो. एम. सेराजुद्दीन, डॉ. शालि मलिक, डॉ. राजेश कुमार तिवारी, प्रो. पूनम टंडन, प्रो. मोनिशा बनर्जी, प्रो. ओंकार, डॉ. पुनीत कुमार, प्रो. राजीव मनोहर, डॉ. सीआर गौतम, डॉ. अमित त्रिपाठी, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. अमित मिश्रा, डॉ. सुचित सिंह, डॉ. मधु गुप्ता,

इन्हें प्रोत्साहन: डॉ. अमित कुमार, पूनम टंडन, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. अमित त्रिपाठी, डॉ. अजय प्रकाश, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. सुनीत कुमार, डॉ. शाम्भवी मिश्रा, डॉ. शैली मलिक, डॉ. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. सुचित स्वरूप, डॉ. मधु गुप्ता,

इन्हें उद्दीपन पुरस्कार (2019-2020) : प्रो. पूनम टंडन (भौतिकी), प्रो. रवीन्द्र मनोहर (भौतिकी), प्रो. महिमा बनर्जी (जूलॉजी), डॉ. मोहम्मद इमरानल अंसारी (वनस्पति विज्ञान), डॉ. सीआर गौतम (भौतिकी), प्रो. आरके शुक्ला (भौतिकी), डॉ. शाम्भवी मिश्रा (सांख्यिकी), डॉ. ज्योत्सना सिंह (भौतिकी), डॉ. नीलल गर्ग (बायोकेमिस्ट्री), डॉ. संगीता श्रीवास्तव (रसायन विज्ञान), प्रो. ध्रुव सेन सिंह (भूविज्ञान), डॉ. शाली मलिक (जूलॉजी), प्रो. एसपी त्रिवेदी (जूलॉजी), प्रो. सुधीर कुमार (जूलॉजी), डॉ. अनार सिंह (भौतिकी), डॉ. गौरव जोशी (भौतिकी), डॉ. देश दीपक (रसायन विज्ञान), डॉ. राजेश सिंह (भूविज्ञान), प्रो. कीर्ति सिन्हा (भौतिकी), डॉ. एम अरशद (जूलॉजी), डॉ. मधु गुप्ता (जूलॉजी)।

इन सभी को उद्दीपन पुरस्कार: किरण गुप्ता वनस्पति विज्ञान, वेद प्रकाश मिश्रि वनस्पति विज्ञान, धीरेंद्र कुमार भूविज्ञान, गौरव जोशी भूविज्ञान व कामिनी सिंह।

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए शिक्षकों (रिसर्च स्कॉलर) के साथ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय (मध्य में) • जागरण

PIONEER PAGE 3

लविवि के 53 शिक्षकों के प्रमोशन पर कार्यपरिषद ने लगाई मुहर

- नगर निगम डिग्री कॉलेज को मिली स्थाई मान्यता
- परीक्षा समिति से पास सभी प्रस्तावों को कार्य परिषद ने किया मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की बीते दिनों सभी डिपार्टमेंट में हुए प्रमोशन के लिफाफे बुधवार को कार्य परिषद में रखे गए। जिस पर कार्य परिषद के सभी सदस्यों के सहमति के बाद उसे मंजूरी प्रदान कर दी गयी।

बुधवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीते दिनों हुए सलेक्शन कमेटी के लिफाफे रखे गए। इसके अलावा बैठक में नगर निगम डिग्री कॉलेज के साथ ही कई अन्य कालेजों के मामले भी रखे गए। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बुधवार को अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर लिया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की बेहतरी तथा पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के लिए कई योजनाओं पर काम किया है। अब इनको मूर्त रूप देने की बारी है।

प्रो. राय ने बताया कि पिछले एक साल में कोरोना के चलते स्टेट जैसी तमाम योजना पर कार्य शुरू किया गया। अब यह योजनाएं मूर्त रूप ले सकें यह हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही पढ़ाई को और अधिक प्रभावी बनाने, फ्रंटडी कंटेंट में और अधिक सुधार करने जैसे बिंदु प्राथमिकता में हैं। पिछले एक साल की चुनौतियों के बारे में कुलपति का कहना था कि लॉ पेपर लीक कांड, एलयू के खाते से करीब 1.5 करोड़ रुपये निकल जाना और फर्जी मार्कसीटि का मामला बड़ा था। इन सबका समाधान हो चुका है। इस दौरान शिक्षकों के प्रमोशन और विद्यार्थियों की समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया। सामान्य क्लास शुरू होने पर विद्यार्थियों की समस्याओं पर और भी ध्यान दिया जाएगा। स्टूडेंट्स ओपोडी जैसी योजनाएं विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक साबित होंगी।

प्रशासन का मानना है कि इस कदम से शिक्षक मोटीवेट होंगे तो उनसे शिक्षा का स्तर उठने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। बैठक में नगर निगम डिग्री द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज को स्थापना के 17 साल बाद बुधवार को स्थायी मान्यता प्रदान की गई। अभी तक कॉलेज में नियमित प्राचार्य नहीं थे इसलिए इसे स्थायी मान्यता नहीं दी गई थी।

प्राचार्य के रूप में डॉ. एससी पांडेय का चयन होने के बाद इसे स्थायी मान्यता कार्य परिषद द्वारा प्रदान की गई। कार्य परिषद की बैठक में नगर निगम डिग्री कॉलेज के साथ ही कई अन्य कालेजों के मामले भी रखे गए। लखनऊ यूनिवर्सिटी का दावरा चार जनपद तक बढ़ाने के फैसले के बाद बुधवार को कार्य परिषद को इसकी सूचना देने तथा यहां के कॉलेजों को एलयू से सहयुक्त करने की प्रक्रिया को भी पूरा कराया गया।

शोध को समर्पित शिक्षक, विद्यार्थियों का सम्मान

उत्कृष्ट शैक्षणिक और अनुसंधान उपलब्धियों के लिए तीन योजनाओं के अंतर्गत मिला पुरस्कार

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में बुधवार को शोध को समर्पित शिक्षक और विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस मौके पर सभी शोधकर्ताओं को भविष्य में और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित किया।

एक्लेम योजना के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में उत्कृष्ट शैक्षणिक और अनुसंधान उपलब्धियों के लिए विवि के विभिन्न विभागों के 15 प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों को यह पुरस्कार दिया गया। इस पुरस्कार में सम्मान पत्र, पदक और 5000 रुपये का नकद पुरस्कार शामिल थे। प्रोत्साहन योजना के तहत, नूतन परियोजना विचारों को शुरू करने और इन पर शोधकार्य के लिए बीज अनुदान के रूप में 12 संकाय सदस्यों को 20,000 रुपये की वित्तीय सहायता के साथ एक प्रमाण पत्र और ओवर हेड प्रोजेक्ट ग्रांट शामिल था।

उद्दीपन योजना के अंतर्गत शिक्षक और शोधार्थियों को प्रत्येक वर्ष के उत्कृष्ट प्रकाशनों के लिए 1100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार पिछले तीन वर्षों के लिए दिए गए। वर्ष 2017-18 के 18 शिक्षकों और 40 शोधार्थियों को, वर्ष 2018-19 के 14 शिक्षकों और 29 शोधार्थियों को और वर्ष 2019-20 के 20 शिक्षकों और 39 शोधार्थियों के नाम शामिल थे। भौतिकी विभाग के प्रो. पुनीत कुमार को तीनों योजनाओं में उत्कृष्ट काम करके शामिल होने के लिए रिसर्च सेल की तरफ से विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

लविवि में अनुसंधान संवर्धन योजनाओं के तहत सम्मानित शिक्षकों व शोधकर्ताओं के साथ वीसी प्रो. आलोक कुमार।

उद्दीपन योजना में सम्मानित विद्यार्थी

किरण गुप्ता, वेद प्रकाश सिंह, धीरेंद्र कुमार, गौरव जोशी, कामिनी सिंह, अभिषेक, आराधना राय, आयुषी रस्तोगी, दिव्यांशी श्रीवास्तव, जयदीप सिंह, नीतू सिंह, नितिन द्विवेदी, पूजा शर्मा, राम रसीले अवस्थी, आशीष भार्गव, आफताब अहमद, अमरेंद्र गौतम, अमृत कुमार मिश्रा, अनु कटियार, भारती सिंह, देवराज, इरम खान, कौशलेंद्र, लक्ष्मी कुमारी, प्रभात कुमार सिंह, प्रिया वर्मा, सीमा शुक्ला, सृष्टि नागु, तृप्ति विमल, विजेंद्र कुमार, विकास वर्मा, विवेक पांडे, अतर सिंह, दिव्या टंडन, जूही रहीस, मनीष कुमार, नीरा यादव, प्रज्ञा गुप्ता, संजय सैनी, निहारिका मौर्या, अनुभा श्रीवास्तव, अनुराधा शुक्ला, भूपेंद्र प्रताप सिंह, एकता अग्रवाल, गोविंद पाठक, ईशा सिंह, जया पांडेय, कर्णिका श्रीवास्तव, केशव कुमार सिंह, मनीषा यादव, प्रीति प्रजापति, श्वेता, आशिफ जाफरी, दीपमाला गुप्ता, प्रिया सिंह, सायमा, तृप्ति यादव, यशिका अवस्थी, रिनी सिंह, किरण त्रिपाठी, सोनम वर्मा, रवि प्रकाश, अमिता सिंह, लता गंगवार, गुंजन, इमरान खान, चेतन आनंद, अनूप कुमार सिंह, श्वेता, आकांक्षा, हेमलत, शिवानी, निशांत कुमार, रोहित कटियार, रितेश श्रीवास्तव, कृष्णकांत यादव, अभिषेक कुमार, कीर्ति चौधरी, अरुण रतन, अनुभा शुक्ला, शाश्वत सिंह, स्वाति सक्सेना, यशिका अवस्थी, शमा परवीन, इरम शेख।

उद्दीपन योजना में सम्मानित शिक्षक

प्रो. पूनम टंडन, प्रो. राजीव मनोहर, प्रोमोनीषा बनर्जी, डॉ. मोहम्मद इसराइल अंसारी, डॉ. सी आर गौतम, प्रो. आरके शुक्ला, डॉ. शाम्भवी मिश्रा, डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. मीनल गर्ग, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, प्रो. ध्रुवसेन सिंह, डॉ. शैली मलिक, प्रो. एसपी त्रिवेदी, प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. अनार सिंह, डॉ. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. सरजीत सेनशर्मा, डॉ. राजेश कुमार तिवारी, डॉ. आशीष अवस्थी, डॉ. पुनीत कुमार, अतुल श्रीवास्तव, प्रो. ओमकार, प्रो. केके अग्रवाल, प्रो. एम सिराजुद्दीन, डॉ. संगीता साहू, डॉ. आशुतोष सिंह, प्रो. गौरी सक्सेना, प्रो. देश दीपक, डॉ. राजेश सिंह, प्रो. कीर्ति सिन्हा, डॉ. एम अरशद, डॉ. मधु गुप्ता।

प्रोत्साहन योजना में सम्मानित

- **कैटेगरी-1 :** डॉ. अमित कुमार, प्रो. पूनम टंडन, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. अमित त्रिपाठी
- **कैटेगरी-2 :** डॉ. अजय प्रकाश, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. शाम्भवी मिश्रा, डॉ. शैली मलिक, डॉ. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. सूचित स्वरूप, डॉ. मधु गुप्ता।

एक्लेम योजना में सम्मानित

डॉ. पवन कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक कुमार सतपथी, प्रो. आरपी सिंह, प्रो. दिनेश कुमार सिंह, प्रो. एम सिराजुद्दीन, डॉ. शैली मलिक, डॉ. राजेश कुमार तिवारी, प्रो. पूनम टंडन, प्रोमोनीषा बनर्जी, प्रो. ओमकार, डॉ. पुनीत कुमार, प्रो. राजीव मनोहर, डॉ. सी आर गौतम, डॉ. अमित त्रिपाठी, डॉ. राजेश सिंह।

शिल्पा नंदन को यंग साइंटिस्ट पुरस्कार

लखनऊ। लविवि की शोध छात्रा शिल्पा नंदन को यंग यंग साइंटिस्ट का पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान वैज्ञानिक मुद्दों को लेकर 26 से 28 दिसंबर के बीच ग्लोबल एनवायरमेंट एंड सोशल एसोसिएशन प्रयागराज द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेब सम्मेलन में दिया गया। शिल्पा लविवि में डॉ. कल्पना सिंह की शोध छात्रा हैं।

NBT PAGE 4

एलयू में ऑनलाइन होगी पूरी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया

आवेदन की जांच तीन चरणों में, ऑनलाइन पेपर दे सकेंगे बीमार

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। बुधवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में 53 फैकल्टी मेम्बर को प्रमोशन देने के बाद खाली सीटों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी करने का फैसला हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पेपर लेस बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है। इस फैसले से एलयू को देश विदेश से भी इस बार आवेदन प्राप्त हुए हैं। एलयू ने 180 पदों के लिए अक्टूबर में विज्ञापन जारी किया था, जिसमें पांच हजार से अधिक आवेदन मिले हैं।

डीन के स्तर पर भी स्क्रीनिंग

कुलपति ने बताया कि इस बार सेलेक्शन कमिटी के लिए तीन स्तरीय स्क्रीनिंग कमिटी का गठन किया गया है। पहला स्क्रीनिंग ऑनलाइन होगी इसके बाद विभागीय स्तर पर तीन सदस्यीय कमिटी जांचेगी। जिसके बाद डीन के लेवल स्क्रीनिंग की जाएगी।

नगर निगम डिग्री कॉलेज को मिली स्थायी मान्यता

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी में बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद में बैठक हुई। इसमें बीते दिनों हुई सिलेक्शन कमेटी की बैठक के लिफाफे रखे गए। इसके अलावा नगर निगम डिग्री कॉलेज की स्थाई मान्यता और मंगलवार को हुए परीक्षा समिति का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रखा गया था। नगर निगम द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज नियमित प्रिंसिपल नहीं था, जिस वजह से स्थाई मान्यता नहीं दी जा रही थी। प्राचार्य के रूप में डॉ. एससी पांडेय का चयन होने के बाद मान्यता दी गई।

i-NEXT PAGE 8

लखनऊ यूनिवर्सिटी की कार्य परिषद की बैठक में

गुरुजी को प्रमोशन का गिफ्त

नगर निगम डिग्री कॉलेज को मिली स्थाई मान्यता

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (30 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सभी डिपार्टमेंट में हुए प्रमोशन के लिफाफे बुधवार को कार्य परिषद में रखे, जिसे मंजूरी प्रदान कर दी गई. बुधवार को एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्य परिषद की बैठक हुई, जिसमें नगर निगम डिग्री कॉलेज की स्थाई मान्यता व मंगलवार को हुए परीक्षा समिति का प्रस्ताव को भी मंजूरी के लिए रखा गया था.

कई विभाग में वर्षों से प्रमोशन नहीं हुए थे

एलयू में कई सालों से सलेक्शन कमेटी न होने से विभागों में प्रमोशन के मामले लटके थे. जिसे मौजूदा वीसी प्रो. राय ने सभी विभागों की सलेक्शन कमेटी के माध्यम से पूरा करा कर इसका प्रस्ताव कार्य परिषद को भेजा गया था. सलेक्शन कमेटी ने तकरीबन 53 फैकल्टी थी, जिनका प्रमोशन 10 साल से लेकर 15 साल से रुका हुआ था. इन विभाग में सलेक्शन कमेटी नहीं हुआ था, वहां के शिक्षकों में काफी मायूसी थी. लविवि प्रशासन का मानना है कि इस कदम से शिक्षक मोटीवेट होंगे तो उनसे कैसे शिक्षा का स्तर उठाने के लिए किस आधार पर प्रेरित किया जाएगा।

नगर निगम कॉलेज को मिली स्थाई मान्यता

: नगर निगम डिग्री द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज को स्थापना के 17 साल बाद बुधवार को स्थायी मान्यता प्रदान की गई। अभी तक कॉलेज में नियमित प्राचार्य नहीं था इसलिए इसे स्थायी मान्यता नहीं दी गई थी। प्राचार्य के रूप में डॉ. एससी पांडेय का चयन होने के बाद इसे स्थायी मान्यता कार्य परिषद द्वारा प्रदान की गई। कार्य परिषद की बैठक में नगर निगम डिग्री कॉलेज के साथ ही कई अन्य कालेजों के मामले भी रखे गए।

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

सम्मान पाकर खिल उठे चेहरे.

85 शिक्षक-रिसर्च स्कॉलर्स का सम्मान

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (30 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बुधवार को अनुसंधान संवर्धन योजना के तहत यूनिवर्सिटी के विशिष्ट आचार्यों और शोधकर्ताओं को सम्मानित किया. मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पिछले 5 वर्षों में उत्कृष्ट शैक्षणिक और अनुसंधान उपलब्धियों के लिए यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों के 15 संकाय सदस्यों को यह पुरस्कार दिया गया. इस पुरस्कार में सम्मान पत्र, पदक और 5000 रुपये का नकद पुरस्कार शामिल थे. वहीं प्रोत्साहन योजना के तहत नूतन परियोजना विचारों को शुरू करने और इनपर शोधकार्य के लिए बीज अनुदान के रूप में 12 संकाय सदस्यों को वित्तीय सहायता दी गई. आगामी वर्ष 2019-20 के लिए 20 शिक्षक और 39 रिसर्च स्कॉलर को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले शिक्षकों की श्रेणी में एक्लेम योजना के तहत 11 विज्ञान संकाय के शिक्षक व 4 कला संकाय के शिक्षकों का सम्मान हुआ. वहीं उद्दीपन योजना के तहत विज्ञान संकाय के 32 शिक्षकों का सम्मान हुआ. इसके अलावा प्रोत्साहन योजना के तहत 7 विज्ञान संकाय के व एक कला संकाय के शिक्षक को सम्मानित किया गया.

32 शिक्षकों का हुआ सम्मान

बता दें कि सम्मानित होने वाली में 75 प्रतिशत शिक्षक और रिसर्च स्कॉलर विज्ञान संकाय के थे. इसके अलावा समारोह में वर्ष 2017-18 के लिए 18 शिक्षक और 40 रिसर्च स्कॉलर, वर्ष 2018.19 के लिए 14 शिक्षक और 29 रिसर्च स्कॉलर और वर्ष 2019-20 के लिए 20 शिक्षक और 39 रिसर्च स्कॉलर को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले शिक्षकों की श्रेणी में एक्लेम योजना के तहत 11 विज्ञान संकाय के शिक्षक व 4 कला संकाय के शिक्षकों का सम्मान हुआ. वहीं उद्दीपन योजना के तहत विज्ञान संकाय के 32 शिक्षकों का सम्मान हुआ. इसके अलावा प्रोत्साहन योजना के तहत 7 विज्ञान संकाय के व एक कला संकाय के शिक्षक को सम्मानित किया गया.

नगर निगम कॉलेज को मिली स्थाई मान्यता

नगर निगम डिग्री द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज को स्थापना के 17 साल बाद बुधवार को स्थायी मान्यता दी गई. अभी तक कॉलेज में नियमित प्राचार्य नहीं था इसलिए इसे स्थायी मान्यता नहीं दी गई थी. प्राचार्य के रूप में डॉ. एससी पांडेय का चयन होने के बाद इसे स्थायी मान्यता कार्य परिषद द्वारा प्रदान की गई. यूनिवर्सिटी का दायरा चार जनपद तक बढ़ाने के फैसले के बाद बुधवार को कार्य परिषद को इसकी सूचना देने तथा यहां के कॉलेजों को एलयू से संबद्ध करने की प्रक्रिया को भी पूरा कराया गया.

बैठक : 53 शिक्षकों को पदोन्नति का तोहफा दिया

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 53 शिक्षकों को पदोन्नति का तोहफा दिया गया है। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में बुधवार को इन पर मुहर लगाई गई। खास बात यह है कि कई शिक्षकों की पदोन्नति बीते 10 से 15 वर्षों तक फंसी थी। इसके अलावा बैठक में नगर निगम डिग्री कॉलेज की स्थाई मान्यता और परीक्षा समिति के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

नगर निगम डिग्री (अब अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज) को स्थापना के 17 साल पूरे हो चुके हैं। स्थाई प्रिंसिपल न होने के कारण स्थाई मान्यता नहीं मिली थी। अब प्राचार्य के रूप में डॉ. एससी पांडेय का चयन होने के बाद इसे स्थायी मान्यता प्रदान की गई। विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार बढ़ाने संबंधी फैसले को भी कार्यपरिषद में रखा गया। चार जिलों के करीब 360 कॉलेजों के जुड़ने की बात सामने आई है।

लविवि कुलपति ने शिक्षक-शोधार्थियों को किया सम्मानित

LUCKNOW
AWARD CEREMONY
OF
UDDEEPAN, ACCLAIM & PROTSAHAN
DATE - 30th DECEMBER, 2020
TIME - 3:00 PM
VENUE - MALV